हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 28 अप्रैल 2024

04 नलजल योजना को पलीता लगा रहे अधिकारी ग्रामीण ...



07 जिले में आबकारी विभाग और पुलिस की ...





### लोकतंत्र के महापर्व के यज्ञ के बाद अब परिणाम की अटकलों का दौर शुरू

# 18.55.692 में से 12.47. 298 वोटरों ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग

लोकतंत्र के महापर्व के अवसर पर शुक्रवार को मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग करने के साथ ही अपने अपने नेताओं की जीत की अटकलें शुरू कर दी है। देखना यह है कि मतदाताओं ने किसे जीत का सेहरा पहनाया है।

- संसदीय क्षेत्र 17 होशंगाबाद की आठों विधानसभाओं में कुल 71.73 प्रतिशत पुरुषों ने,एवं 62.39 प्रतिशत महिलाओं ने तथा 56.6 प्रतिशत थर्ड जेंडर मतदाताओं ने मतदान किया।
- 687674 पुरुष और 559594 महिला तथा 30 अन्य मतदाताओं ने अपने मताधिकार का किया उपयोग
- जिले में कुल 650505 मतदाताओं ने दर्ज कराई लोकतंत्र के महोत्सव में अपनी भागीदारी
- 354373 पुरुष और 296108 महिला तथा 24 अन्य मतदाताओं ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लोकतंत्र के महापर्व के अवसर पर होशंगाबाद-नरसिंहपुर क्षेत्र के 18 लाख 55 हजार 692 मतदाताओं में से कुल 12 लाख 47 हजार 298 मतदाताओं ने जैसे ही ईवीएम मशीन में अपने मत की आहुति दी। इसके बाद से ही हार-जीत की अटकलों का दौर शुरू हो गया। एक ओर जहां 12 प्रत्याशियों में से राष्ट्रीय राजनैतिक पार्टी भाजपा और कांग्रेस के समर्थक कम मतदान प्रतिशत होने के कारण अपनी अपनी जीत का दावा करते चौक चौराहों पर नजर आ रहे हैं तो वहीं चाय, पान की गुमठियों के अलावा ठंडे पेय पदार्थों के प्रतिष्ठानों पर भी लोग अपने अपने नेताओं की जीत का समीकरण बताते हुए आशांवित हो रहे हैं। वहीं पान गुमठियों पर भी लोग राजनैतिक चर्चा में मशगूल दिखाई दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि इस बार सूर्य देव के तीखे तेवर के साथ साथ संसदीय क्षेत्र में करीब 3 हजार से अधिक शादियों ने वोट प्रतिशत का समीकरण बिगाड़ दिया है। इसलिए किसी भी जीत सुनिश्चत नहीं की जा सकती है। देखना यह है कि 4 जून को होने वाली मतगणना में मतदाताओं ने किस राजनैतिक दल अथवा प्रत्याशी को बहुमत देकर जीत का ताज पहनाने का काम किया है।

### महिलाओं ने मतदान में कम दिखाई रूचि

शुक्रवार को हुए लोकसभा चुनाव के लिए मतदान में महिलाओं की अपेक्षा पुरूष मतदाताओं ने अधिक रूचि दिखाई। कुछ महिला मतदाताओं ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि इस बार शादी विवाह के अलावा अधिक तापमान ने महिलाओं को प्रभावित किया है। जिसमें अधिकांश बुजुर्ग महिलाओं ने मतदान देने में रूचि नहीं दिखाई। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 के तहत संपूर्ण संसदीय क्षेत्र एवं जिलेभर में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान सम्पन्न हुआ। संसदीय क्षेत्र की बात करें तो पूरे क्षेत्र में 1247298 मतदाताओं ने मतदान किया जिसमें 687674 पुरुष मतदाता एवं 559594 महिला मतदाताओं तथा 30 थर्ड जेंडर मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया।

### होशंगाबाद की चारों विस में 650505 लोगों ने किया मतदान

वहीं लोकसभा संसदीय क्षेत्र 17 होशंगाबाद अंतर्गत आने वाली जिले की चारों विधानसभा में कुल 650505 मतदाताओं ने मतदान किया। इस दौरान 354373 पुरुष मतदाओं और 296108 महिला मतदाताओं सहित 24 थर्ड जेंडर मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया।

### नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र की विस में किया गया मतदान

लोकसभा संसदीय क्षेत्र की नरसिंहपुर विधानसभा में कुल 156808 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 85555 पुरुष तथा 71251 महिला मतदाता एवं 2 अन्य मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया। तेंदूखेड़ा विधानसभा में कुल 133255 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 73897 पुरुष तथा 59358 महिला मतदाता एवं 0 अन्य मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया। गाडरवारा विधानसभा में कुल 145617 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 81548 पुरुष तथा 64067 महिला मतदाता एवं 2 अन्य मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया। उदयपुरा विधानसभा में कुल 161113 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 92301 पुरुष तथा 68810 महिला मतदाता एवं 2 अन्य मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया। वही नर्मदापुरम जिले की बात करें तो सिवनीमालवा विधानसभा में कुल 172715 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 93593 पुरुष तथा 79116 महिला मतदाता एवं 6 अन्य मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया। होशंगाबाद विधानसभा में 139690 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 74727 पुरुषों और 64956 महिला मतदाताओं तथा 7 अन्य मतदाताओं ने मतदान किया। सोहागपुर विधानसभा में 167117 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 92859 पुरुषों और 74252 महिला तथा 6 अन्य मतदाताओं ने मतदान किया। पिपरिया विधानसभा में 170983 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 93194 पुरुषों और 77784 महिला मतदाताओं तथा 5 अन्य मतदाताओं ने मतदान किया।

# बस एजेंट ने ऑटो रोककर किया विवाद, यात्रियों ने कर दी पिटाई

### माखननगर से नर्मदापुरम के बीच रोज होता है विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ आंचलखेड़ा



इन दिनों माखननगर से नर्मदापुरम जाने के लिए सवारियां बैठाने को लेकर निजी बसों के एजेंटों की दबंगई सामने आ रही है आए दिन बस एजेंटों द्वारा बस स्टॉप पर इनकी दबंगई देखने को मिल रही है और लड़ाई झगड़े हो रहे हैं ऐसी ही कुछ घटना शनिवार को आंचलखेड़ा बस स्टाप पर देखने को मिली।

दरअसल जानकारी के मुताबिक आंचलखेड़ा में गत दिवस एक अहिरवार परिवार में शादी थी जिसमें मेहमान आये थे जो कि शनिवार को वापस अपने घर प्राइवेट ऑटो कर जा रहे थे तभी एक निजी बस के एजेंट ने बस स्टॉप पर ऑटो को रोक लिया और ऑटो चालक से विवाद करने लगा तभी आटो में बैठे हुए यात्रियों ने कहा कि हम प्राइवेट ऑटो कर इटारसी जा रहे हैं। परंतु बस एजेंट दबंगई से यात्रियों को ऑटो से उतरवाने लगा और ऑटो में बैठे यात्रियों से बदतमीजी करने लगा तभी आटो में बैठी यात्री महिला एवं पुरुष और युवती ने बस एजेंट की जमकर धुनाई की।

### प्रतिदिन होती है बस एजेंट दबंगई

गौरतलब है कि सवारी बैठाने को लेकर रोज आंचलखेड़ा बस स्टैंड पर बस एजेंट बस आने से पहले आकर खड़े हो जाते हैं और सवारियों को रोक कर रखते हैं किसी अन्य वाहनों में नहीं बैठने देते जिसके चलते आए दिन इनकी दबंगई देखी जा सकती है। इधर प्रशासन की माने तो ऐसे लोगों पर कानून कार्रवाई होना चाहिए जिससे बस स्टाप पर अशांति और लड़ाई झगड़े के आसार न बने।

# विशिष्ट आवासीय विद्यालय में परीक्षा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश शासन जनजाति कार्य विभाग द्वारा मध्य प्रदेश स्पेशल एंड रेजिडेंशियल एकेडमिक समिति भोपाल अंतर्गत संचालित विशिष्ट आवासीय विद्यालयों (कन्या शिक्षा परिसर एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय एवं आदर्श आवासीय विद्यालय) में कक्षा छठवीं के शैक्षणिक सत्र 2024 -25 के लिए प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 28 अप्रैल को प्रातः 11 से दोपहर 1 तक जिले में निर्धारित 7 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। जिले में विकासखंड नर्मदापुरम अंतर्गत ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय बीटीआई नर्मदापुरम एवं कन्या शिक्षा परिसर पवारखेड़ा में प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार विकासखंड केसला अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट उच्च. माध्यमिक विद्यालय केसला, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पथरोटा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सनखेड़ा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखतवा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमानी में प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। संयुक्त आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि आवेदक प्रवेश पत्र के लिए प्रवेश परीक्षा की दिनांक 28 अप्रैल 2024 तक विभागीय पोर्टल की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

# जीपीएस कंट्रोल रूम में जारी है वाहनों की निगरानी

### कलेक्टर के मार्गदर्शन में बना कंट्रोल रूम



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लोकसभा निर्वाचन को सुचारू एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न करने के लिए विभिन्न आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया है इसी के तहत कलेक्टर सोनिया मीना के मार्गदर्शन में जिले में जीपीएस कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम में निवार्चन कार्य में संलग्न वाहनों की निरंतर निगरानी की गई थी। आनंद झैरवार जिला प्रबंधक लोक सेवा प्रबंधन ने बताया कि निर्वाचन कार्य में जो वाहन संलग्न किये गये थे उनमें मतदान दल के सांथ संलग्न वाहनों से सामग्री जमा होने के पश्चात जीपीएस निकाल लिये हैं। शेष रिजर्व वाहनों के जीपीएस निकालने का कार्य किया जा रहा है। झैरवार ने बताया कि कंट्रोल रूम से देखकर जीपीएस निकालने का कार्य सिवनी मालवा, सोहागपुर, पिपरिया एवं जिला मुख्यालय में किया जा रहे हैं।

# मतदान की समीक्षा में जुटे राजनैतिक दलों के नेता

### भाजपा-कांग्रेस ने की प्रयासों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

लोक सभा चुनाव में सोहागपुर विधान सभा में दोनो दलों ने अपने अपने सामर्थ्य अनुसार प्रचार प्रसार करते हुए अपने अपने प्रत्याशी की जीत की हुंकार भर रहे हैं। भाजपा संगठन के लिहाज ताकतवर और रणनीति का लोहा मनवाने के लिए जानी जाती है और देखा भी गया कि भाजपा प्रत्याशी दर्शन चौधरी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सहित तमाम दिग्गजों ने सभाएं कर के दर्शन चौधरी के पक्ष में माहौल बनाया। सोहागपुर विधान सभा में पूर्व जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह पटेल, वरिष्ठ कांग्रेसी हरगोविंद पुरबिया, संतोष मालवीय, रणवीर सिंह पटेल इत्यादि ने मेहनत की। हरगोविंद पूर्विया समाजिक वूथो में सघन दौरा करते हुए देखे गए। चूंकि क्षेत्र को गुर्जर समाज का बाहुल्य माना जाता है और गुर्जर समाज से पूर्व प्रत्याशी को अप्रत्याशित मत मिले थे जिसे लेकर उन्हें यह संभावना प्रबल दिख रही है कि लोक सभा में भी कांग्रेस प्रत्याशी को संतोष जनक मत मिलेंगे। पुष्पराज सिंह पटेल विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी को लेकर आश्वस्त है तो वहीं उन्हे कुछ समाजिक लोगो से शिकायत है। उनके अनुसार उनका मानना है यदि आपको कोई मुकाम किसी के चेहरे पर हासिल होता है तो आपको उस चेहरे की मर्यादा रखनी चाहिए यदि आप ऐसा नहीं कर पाते हैं तो फिर राजनैतिक क्षेत्र में खुद में सिमट कर रह जाओगे। उन्होंने कहा कि यदि अपना समय और पहचान भूल जाते हो तो फिर पुष्पराज सिंह पटेल दुखी है और यह मेरा दुख मेरा निजी नही है यह दुख उस अमुख के भविष्य का दुख है जो पीड़ादाई होगा। उनके अनुसार यदि आपको दूर देखना है तो आंखे उठा कर देखना होगा , झुका कर नही।

# फ्रेंड्स चैंपियंस ट्रॉफी में रोमांचक मैच जारी, 1 मई को होगा फाइनल मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत फ्रेंड्स चैम्पियंस ट्रॉफी रात्रि कालीन 8-ए साइड टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन नर्मदा वैली स्कूल के पास,स्थित विवेक भदौरिया के फार्म हाउस ग्राउंड में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ 23 अप्रैल को हुआ। शुभारंभ कार्यक्रम में बृहद ट्राफियों के अनावरण के साथ मैन ऑफ़ द मैच की ट्राफियों का भी अनावरण किया गया। प्रतियोगिता में 32 टीमों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इस दौरान मुख्य अतिथि मप्र तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा, जनपद अध्यक्ष नर्मदापुरम भूपेंद्र चौकसे, मप्र क्रिकेट संघ के मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा, पूर्व अधीक्षण यंत्री मप्र विधुत मंडल एसपीएस भदौरिया, विधायक प्रतिनिधी नगर पालिका महेंद्र यादव, डॉ जेपी मालवी, डॉ कमलेश चौरसिया, नसीम कुरैशी एवं अन्य खेल प्रेमियों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। आयोजन समिति से अनुराग तिवारी,आदित्य ठाकुर, नीरज कैथवास, मनीष तिवारी, शहीद खान, विवेक गौर,आशु तिवारी, श्रेयश शर्मा, शुभम बारस्कर, पीयूष,दिनेश नायर, सुनील मिश्रा, शुभम राजपूत, रवि उदासी, इमरान खान,नीतेश तिवारी महाराज,प्रशांत कुचबंदिया,रितेश राठौर,शाहरुख खान एवं अंपायर फजल खान,बंटी कुरेशी रहे। क्लब के सभी सदस्यों ने खेल प्रेमियों से अपील की है कि सभी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें। आयोजन समिति से अनुराग तिवारी ने बताया कि इस नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता में लगभग 32 टीमों ने एंट्री दर्ज कराई है। प्रतिदिन सायंकाल 7 बजे से चार मैच सम्पन्न होते हैं। कल के मैचों की शुरुआत शिक्षाविद समाजसेवी पं.अरूण शर्मा, हर्षित दुबे,परितोष शर्मा, अमन दुबे, ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। प्रतिदिन मैच खेलने वाली टीमों व उपस्थित खेलप्रेमियों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था फ्रेंड्स चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट में अलग से की जाती है। प्रतियोगिता भी अब अंतिम चरणों में पहुंच रही है प्री क्वार्टर फाइनल मैच चल रहे हैं।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**नर्मदापुरम।** शनिवार दोपहर को जबलपुर-इटारसी यशवंतपुर सुपर फास्ट एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से पिपरिया रेलवे स्टेशन के पास 35 वर्षीय महिला की मौत हो गई। ट्रेन चालक और स्टेशन मैनेजर के मैसेज पर पुलिस ने घटना स्थल पहुंच कर शव को पीएम के लिए अस्पताल पहुंचाया। पिपरिया चौकी प्रभारी पीके अहिरवार, हवलदार योगेश पचौरी महिला आरक्षक को लेकर घटना स्थल पहुंचे। उन्होंने पंचनामा बनाकर मर्ग कायम किया गया है। हवलदार योगेश पचौरी ने बताया कि फिलहाल मृतक महिला की पहचान नहीं हुई है। शव को पीएम रूम में रखा गया है। मृतका की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। हवलदार योगेश पचौरी ने बताया कि महिला की उम्र करीब 35 वर्ष है। उन्होंने संभावना जताई कि रेलवे लाइन पार करने के दौरान सुपर फास्ट ट्रेन की चपेट में आने से यह हादसा हुआ होगा। जीआरपी सभी बिन्दुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। घटना इटारसी रेल ट्रैक पिपरिया प्लेटफार्म नंबर 2 के पास हुई है। जीआरपी चौकी प्रभारी ने बताया कि पुलिस अपने स्तर पर मृतका की शिनाख्त के प्रयास कर रही है। सिविल थाने में भी जानकारी दी गई है। साथ ही आसपास के लोगों से भी शिनाख्ती का प्रयास जारी है।

### लोकसभा चुनाव के दौरान गर्मी में मतदाताओं ने दिखाई रुचि

# सफलतापूर्वक निर्वाचन संपन्न होने पर प्रशासनिक अधिकारियों औन नेताओं ने आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया





लोकसभा चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न होने पर निर्वाचन अधिकारी संतोष तिवारी सहायक निर्वाचन अधिकारी वैभव बैरागी एवं चुनाव में लगे हुए सभी अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 में आने वाली सभी विधानसभाओं में मतदान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ इसके लिए मतदान डाककर्मी सेक्टर अधिकारी माइक्रो ऑब्जर्व सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था में लगे पुलिस बल मीडिया सहित निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी अधिकारी कर्मचारियों का निर्वाचन अधिकारियों के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी दर्शन चौधरी एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रत्याशी संजय शर्मा के द्वारा मतदाताओं का लोकतंत्र के महापर्व में उत्साह पूर्वक सहभागिता के लिए नर्मदा पुरम नरसिंहपुर क्षेत्र के सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने धन्यवाद देते हुए कहा है कि मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्वक सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए प्रयासरत समस्त अधिकारी कर्मचारी पुलिस सुरक्षा एवं कार्यकर्ताओं गानों का आत्मिक आभार अभिनंदन एवं राष्ट्रीय निर्माण के लिए किए गए आपके सामूहिक प्रयास से ही लोकतंत्र सशक्त होगा समस्त लोकसभा क्षेत्र के वीडियो की सुख समृद्धि सुख समृद्धि की कामनाओं के लिए आभार व्यक्त करते हुए प्रत्याशियों ने सभी मतदाताओं को धन्यवाद दिया है। यह बात भी सामने आई है कि प्रत्याशियों के बाद भी मतदाताओं ने उदासीनता दिखाई है यदि देखा जाए तो भाजपा कांग्रेस समर्थकों की धड़कन भी बड़ी हुई है यदि जागरूकता अभियान नहीं चलता तो शायद 50 प्रतिशत मतदान होना भी मुश्किल था ऐसा प्रतीत हो रहा था।

कॉलेज के स्टाफ छात्र-छात्राओं स्कूलों के स्टाफ छात्र-छात्राओं एवं समाज समाजसेवी संगठनों के द्वारा अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया तथा राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के द्वारा जो घर-घर जाकर निमंत्रण देकर जो जागरूकता करने का प्रयास किया उसमें पिपरिया विधानसभा से 72 प्रतिशत मतदान हुआ है इसके लिए उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया है। 12 प्रत्याशियों के द्वारा नामांकन फॉर्म भरे गए थे। सभी के भाग्य मशीन में बंद हो चुके हैं। अब मतगणना की बारी है। देखना यह है कि कौन जीतेगा कौन हारेगा।

### चुनाव में लगे होने के बाद भी बाल विवाह रुकवाने का किया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी अनिल चौधरी को लोकसभा चुनाव में सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाया गया था वहीं पर महिला बाल विकास की सभी सुपरवाइजर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को तहसील कार्यालय में चुनावी कार्यक्रम में व्यस्त रखा कर उनकी ड्यूटी लगाई गई थी। इसी दौरान ग्राम पंचायत सिलारी में मस्तराम कीर पिता कन्हैया लाल अपनी पुत्री का विवाह पिपरिया के ही निवासी के साथ ही करना चाहते थे। दस्तावेज में लड़की की उम्र कम बताई जा रही थी।

शिकायत मिलने पर परियोजना अधिकारी अनिल चौधरी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायक उपसरपंच के सहयोग से आयोजित विवाह रुकवाया गया था। पंचनामा तैयार कर परिवार जनों से लिखित रूप में लिया गया है। जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार जन्म दिन 19 दिसंबर 2007 है, जो नाबालिग है।

# पहले परिजन का किया अंतिम संस्कार फिर सदस्यों ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर



मतदान कितना महत्वपूर्ण है यह बताया है अजनेरी के मतदाताओं ने, अजनेरी बूथ में 89.01 प्रतिशत मतदान होने के पीछे ग्राम में मतदान को लेकर जागरूकता है। बीएलओ नितिन परसाई ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन मे सभी के मार्गदर्शन में मतदान जागरूकता कार्यक्रम लगातार चलाए जा रहा था। मतदान जागरूकता गतिविधियों के कारण मतदान केंद्र 233 अजनेरी का मतदान प्रतिशत 89.01 प्रतिशत रहा। कुल 755 मतदाताओं में से 672 मतदाताओं द्वारा मतदान किया। महिला मतदाता 309 और पुरुष मतदाता 363 द्वारा मतदान किया। गर्मी, विवाह एवं अन्य सामाजिक कार्यों को ध्यान में रखकर आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए मतदान जागरूकता कार्यक्रम लगातार मतदान केंद्र पर चलाए जा रहे थे। ग्राम की युवाओं की मतदाता जागरूकता टीम बनाकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा था। जागरूकता का परिणाम रहा कि मतदाता दिवस के दिन मतदाता रिया मालवीय और यशवंत कुशवाहा का मतदान दिवस के दिन विवाह होने के बाद भी उनके द्वारा मतदान केंद्र पर आकर मतदान किया गया तत्पश्चात विवाह संबंधित विभिन्न कार्यक्रम में उनके द्वारा सहभागिता की गई। मतदाता नितेश मालवीय का पैर फैक्चर होने के बाद भी मतदान केंद्र पर जाकर उनके द्वारा मतदान किया गया। परिवार में दुखद घटना घटित होने के बाद भी दशरथ कुशवाहा, हाकम कुशवाहा,कैलाश कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा, हेमराज कुशवाहा और परिवार के सदस्यों द्वारा मतदान के महत्व को समझा और मतदान केंद्र पर आकर मतदान किया। मिली जानकारी के अनुसार कुशवाहा परिवार के एक परिवार के सदस्य की मतदान के दिन मृत्यु होने सभी सदस्य नर्मदा पुरम गए और अंतिम संस्कार करने के बाद उपरोक्त परिवार के 18 सदस्यों में 14 सदस्यों ने मतदान किया। ग्राम पंचायत सचिव बंसीलाल अहिरवार ,रोजगार सहायक नरेश पटेल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता- सहायिका विमल बडकुर, पुष्पा कुशवाहा मिथिलेश तिवारी मुक्ता तिवारी इत्यादि का मतदाता जागरूकता में योगदान रहा।

### भारगढ़ में हैंडपंप खराब, भीषण गर्मी में पानी के लिए परेशान हो रहे ग्रामीण

# नलजल योजना को पलीता लगा रहे अधिकारी ग्रामीण मजबूरी में पी रहे नाले का गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भीमपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत दामजीपुरा के भारगड से ताजा मामला सामने आया है जहां पीने के पानी के लिए ग्रामीण तपती गर्मी में पसीना बहाने के लिए मजबूर हो रहे हैं। एक किलोमीटर दूर झिरिया से पानी लाने को मजबूर। संगीता बाई ने बताया की एक किलोमीटर दूर झिरिया है उसमे गन्दा पानी बहता है वही से हम पानी लेकर पीते, वहां भीड़ हो जाती है तो हमें ताप्ती धुप मे बहुत इंतजार लड़ना पड़ता है!घर मे बच्चों को अकेला छोड़ कर जाना पड़ता न हम समय पर खाना बना सकते न कोई काम कर सकते जिससे कभी कभी घरमे लड़ाई की स्तिथि भी बन जाती है।

भारगड़ में 450 परिवार निवास करते हैं जिनके पेयजल के लिए एक हैंडपंप लगाए गए हैं! लेकिन उसका का जल स्तर नीचे चला गया है, जिससे ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए यहां वहां भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों समाय बाई, भागो उइके, शांता भलावी, संगीता विश्कर्मा, रंजू हीरावे, भगराती बाई ने बताया कि यहां एक हैंडपंप गांव में लगे हैं। जो गर्मी के चलते हवा उगल रहे हैं। ऐसी



**आला अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान, ग्रामीणों में आक्रोश**

स्तिथि मे ग्रामीणों को गंदे नाले का पानी पिने को मजबुर है। भारगड़ की महिलाओं ने आरोप लगाते हुए कहा है कि विगत माह से ग्राम पंचायत के चक्कर काट रहे हैं। कभी सरपंच के पास तो कभी सचिव के पास मगर इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं। स्थिति जस की तस नजर आ रही है। खामियाजा हम ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। दो महीनों से समस्या को लेकर परेशान है, ना तो कोई जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहा है न ही ग्राम पंचायत ध्यान दे रही है।

#### पानी नहीं तो वोट नहीं

ग्रामीणों लक्ष्मी भलावी, रामकली भलावी का कहना है की हमारे गांव मे पानी की कई सालो से बहुत समस्या है, हमको गंदे नाले का पानी पीना पड़ता जिससे हमें बीमारी होने का डर बना रहता है फिर भी पानी के लिए हम अपनी जान को नहीं देखिए लेकिन इस और अधिकारी सरपंच जनप्रतिनिधि देखना उचित नहीं समझते इसलिए इस बार हमने फैसला किया है, जब तक हमारे गांव मे पानी नहीं तब तक वोट नहीं करेंगे, न ही ग्राम मे किसी को घुसने नहीं देंगे और लोक सभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

इस संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बैतूल के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर आरएल सेकवार का कहना है कि उस क्षेत्र में टेंडर लेट डाला गया था, इसलिए कार्य थोड़ा लेट हो गया। वहां के सबइंजीनियर द्वारा एक-दो दिन में हैंडपंप को और गहरा करके या अन्य स्त्रोतों से पानी की व्यवस्था कर दी जाएगी। झिरिया या गंदा पानी पीने की बात बिल्कुल झूठ है। यदि समस्या है तो हमें तो सूचित किया जाना चाहिए था।

## मतदाताओं को जागरुक करने 21 वाहनों को दिखाई हरी झंडी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत अधिक से अधिक मतदान के लिए मतदाता जागरूकता संदेश के साथ मुख्य नगरपालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया ने 21 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी अक्षत जैन की भावना से अवगत कराते हुए कहा कि मतदान मतदाताओं का संविधान के प्रति उनकी आस्था व विश्वास का प्रतीक है। लोकतंत्र में उन्हें प्राप्त अधिकारों का वे अधिक से अधिक उपयोग करें।

मतदान एक मशीनी प्रक्रिया नही है। मतदान के द्वारा लोकतंत्र मतदाताओं को सरकार चुनने का अधिकार देता है और उन्हें अपने अधिकारों का उपयोग करना चाहिए। मतदान के द्वारा राष्ट्र निर्माण में आप अपने योगदान को दर्शाते है। 5 किलोमीटर की मतदाता जागरूकता वाहन रैली शहर में विभिन्न स्थानों से होकर गुजरी। शनिवार को प्रातः 12.00 बजे सीएमओ कार्यालय से रवाना हुई यह रैली कलेक्टोरेट, शिवाजी चौक, तांगा चौक, रेलवे स्टेशन, मैकेनिक चौक, रैन बसेरा, कारगिल चौक, अंबेडकर चौक, बस स्टैंड एवं लल्ली चौक से वापस सीएमओ कार्यालय पहुंची। मतदाता जागरूकता संदेश एवं स्लोगन से युक्त इन वाहनों पर स्पीकर के द्वारा मतदाता जागरूकता गीत बजाए जा रहे थे। रैली के पश्चात ये वाहन शहर के प्रमुख चौराहों, बाजार, मेले एवं बहुजन उपयोगी स्थानों पर मतदान गीतों का प्रसारण करेगी।

### मम्मी-पापा को कहेंगे वोट दें

## बच्चों ने नारे लिखकर किया मतदान के लिए जागरूक




**बैतूल।** लोकतंत्र की नींव मजबूत करने के लिए मतदान जरूरी होता है। इसी उद्देश्य को लेकर लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत, मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, जिला नोडल अधिकारी अक्षत जैन के मार्गदर्शन में निरंतर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस तारतम्य में गौठाना स्कूल के बच्चों ने नारों से लिखी तख्तियों से मतदान के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने अपने बहुमूल्य मताधिकार के विषय में बताते हुए कहा कि हम अपने मम्मी-पापा, रिश्तेदारों और मोहल्ले वालों को कहेंगे की वोट जरूर दें। शाला प्रभारी मदनलाल डढोरे ने बच्चों इस प्रयास की सराहना करते हुए सभी पात्र मतदाताओं से निवेदन किया कि अपने बहुमूल्य वोट की आहूति लोकतंत्र के यज्ञ में जरूर डालें। इस अवसर पर मंगला साबले, जयश्री मेश्राम, तनवीर खान, नेहा उबनारे, मदनलाल डढोरे, श्वेता निरापुरे, मोनिका वर्मा ने सभी से मतदान की अपील की है।



## भंडारा कार्यक्रम आज

बैतूल। आठनेर तहसील के ग्राम कोकाढाना में चल रहा है पंच कुंडीय महायज्ञ यज्ञाचार्य पं. श्री कृष्ण पांडे एवं यज्ञ मंडल (अयोध्या निवासी) द्वारा शनिवार 27 अप्रैल को पूर्ण आहुति महायज्ञ के साथ संपन्न हुआ। नवनिर्मित मंदिर में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा महंत नरेश बाबा (बापजी) के द्वारा की गई। शिवम पात्रेकर ने बताया कि रामदेव बाबा का विशाल चैत्र उत्सव मेला कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। अभिषेक द्वारकाधीश रामदेवबाबा राधा कृष्ण मंदिर कोकाढाना 21 अप्रैल रविवार को हुआ भजन संध्या एवं ज्योत जागरण बैठक 24 अप्रैल भजन गायक तुलारामजी मोरे, गजानन मुरतकर, दिनेश, भुषण, सुधाकर, रामदेव बाबा भजन मंडली, पांढरी खानमपुर धाम एवं पंचकुंडी/एक कुंडी रामदेव बाबा महायज्ञ (राजस्थान रामदेवरा रूणेचा) पूर्ण आहुति महायज्ञ संपन्न हुआ। महाप्रसाद भंडार 28 अप्रैल को भजन संध्या विशाल रामदेव बाबा श्याम बाबा भजन संध्या एवं भजनी में ही जम्मा जागरण जम्मा गायक अजय सिंह (बीकानेर, राजस्थान) इनके मधुर वाणी से प्रमुख उपस्थिती जम्मा गायक सुशिलजी बजाज (हैदराबाद निवासी) जम्मा जागरण राजकमल रमेश गडेकर, हिमांशु रमेश गडेकर, संगीता बोरखडे इंदौर, महेंद्र सेठ शेखावत (खोमई) उपस्थित होंगे।

**कक्षा 12वीं गणित संकाय में हासिल किए 96.4 प्रतिशत अंक**



## टॉप टेन में आने वाले मेधावी यश पवार को बैतूल विधायक ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित कक्षा 12 वी की बोर्ड परीक्षा में मध्यप्रदेश टॉप टेन सूची में आने वाले बैतूल बाजार के मेधावी छात्र यश पवार को बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने सम्मानित कर उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

शनिवार सुबह बैतूल विधायक श्री खण्डेलवाल बैतूल बाजार के गणेश वार्ड स्थित यश पवॉर के निवास पर पहुचें। कक्षा 12 वी गणित संकाय में 96.4 प्रतिशत अंक हासिल कर मप्र की टॉप टेन प्रावीण्य सूचि में स्थान प्राप्त कर बैतूल जिले का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन करने वाले यश पवार को बैतूल विधायक ने तिलक लगाकर, आरती उतारकर ,माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित कर बधाई दी। बैतूल विधायक खंडेलवाल नें मेधावी यश के पिता कमलेश पवॉर एवं माता जयश्री पवार का सम्मान कर उन्हें भी बधाई दी। उल्लेखनीय है कि मेधावी छात्र यश पवॉर द्वारा प्रदेश स्तर पर हासिल की गई उत्कृष्ट सफलता से समूचे बैतूल बाजार नगर में हर्ष व्याप्त है।

#### यश का डिफेंस सर्विस में जाने का लक्ष्य

बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल नें मेधावी छात्र यश पवार से भविष्य की प्लानिंग को लेकर विस्तार से चर्चा की। यश नें बताया कि वह अभी सीयूटी की तैयारी कर रहा है। उसका लक्ष्य एनडीए के माध्यम से डिफेंस सर्विस में जाने का है। बैतूल विधायक श्री खण्डेलवाल नें यश से कहा कि वह अपनी स्किल का भरपूर उपयोग कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करनें के लिए कड़ी मेहनत करें। सफलता जरूर मिलेगी। उन्होनें यश पवॉर सहित परिजनों को कोचिंग और आगे की पढाई के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

बैतूल विधायक के साथ भाजपा जिला महामंत्री सुधाकर पवॉर, नपउपाध्यक्ष सुरेश गायकवाड़, बैतूल बाजार भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील पवॉर, बड़ोरा मंडल अध्यक्ष नीतू पटेल, सांसद प्रतिनिधी अनूप वर्मा, लक्ष्मीनारायण पवॉर, पार्षद विजेश वर्मा, कमलेश राठौर, अजय पवांर, दिनेश डोंगरे, लडडू पवॉर, रमेश पवॉर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सड़क हादसे में मृत ग्रामीणों को विधायक ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



दनोरा फोरलेन पर सड़क हादसे में दिवंगत हुए ग्रामीणों को श्रद्धांजलि देने बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल शनिवार सुबह दनोरा ग्राम स्थित उनके निवास पर पहुचें। बैतूल विधायक नें सड़क हादसे में दिवंगत हुए स्व. शिवप्रसाद सरले पिता स्व.नत्थू जी सरले, स्व.बाबाराव पिता संपतराव सोनारे एवं स्व. पंकज पिता रामप्रसाद मासतकर को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। हादसे में घायल हुए ग्रामीणों से भी बैतूल विधायक नें मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। बैतूल विधायक के साथ विधानसभा संयोजक मधु पाटनकर एवं बडोरा मंडल अध्यक्ष नीतू पटेल भी मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि गुरुवार देर रात दोनारा ग्राम में फोरलेन पर दुर्घटना ग्रस्त पिकअप वाहन में दबे युवकों को बचानें के लिए ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे थे। ग्रामीणों द्वारा पिकअप में दबनें से घायल हुए युवकों को निकालकर जिला अस्पताल भेजा था। इसी दौरान तेज रफ्तार टवेरा नें फोरलेन पर ग्रामीणों को कुचल दिया। हादसे में धनोरा निवासी शिवप्रसाद ,बाबाराव,एवं पंकज की मौत हो गई एवं आधा दर्जन ग्रामीण घायल हो गये।

#### फोरलेन के डेंजर स्पॉट खत्म करवाएंगे

सड़क हादसे में दिवंगतों को श्रद्धांजलि देनें दनोरा पहुचें बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल नें परिजनों एवं ग्रामीणों को बताया कि उन्होंने हादसे की जानकारी मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को दी थी। मुख्यमंत्री नें भी हादसे में दिवंगत हुए ग्रामीणों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है। हादसे की जानकारी मिलते ही सांसद डीडी उइके कलेक्टर नरेन्द्र सूर्यवंशी मुकेश खण्डेलवाल एवं भाजपा संगठन के पदाधिकारियों नें दनोरा पहुचकर दिवंगतों को रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतृप्त परिजनों को ढ़ाढस बधाया था एवं जिला आस्पताल में भर्ती घायलों के स्वास्थ की जानकारी ली। बैतूल विधायक नें ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता खत्म होने के बाद एनएचएआई के अधिकारियों से चर्चा कर फोरलेन के डेंजर स्पॉट चिन्हित करवाकर उन्हें खत्म करवायेगें। इस संबंध में उन्होनें मुख्यमंत्री ,सांसद एवं कलेक्टर से भी चर्चा की है।

#### 30 अप्रैल को मतदाता जागरूकता संदेश के साथ दौड़ेगा बैतूल

बैतूल। मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत 30 अप्रैल 2024 को मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी एवं स्वीप नोडल अधिकारी अक्षत जैन के निर्देशों के अनुपालन में रन फॉर वोट्स एंड रन फॉर बैतूल के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है। मैराथन सुबह 7 बजे स्थानीय पुलिस ग्राउंड से प्रारंभ होगी। 5 किलोमीटर की यह मैराथन शहर के मध्य से होकर गुजरेगी। मैराथन दौड़ के ऑनलाईन पंजीयन 29 अप्रैल तक मिडनाईट किए जाएंगे। ऑफ लाईन पंजीयन सुबह 6.45 बजे तक पुलिस ग्राउंड में होगा। पुरुष और महिला वर्ग मैराथन दौड़ में शामिल होगे। विजेता को प्रथम पुरस्कार 3 हजार रूपए और द्वितीय पुरस्कार 2 हजार रूपए मिलेंगे। इसके अलावा मैराथन को समय में पूरा करने वाले विजेता को मेडल और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

## प्रयोगशाला उपकरणों के संचालन पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

बैतूल। उच्च शिक्षा विभाग भोपाल की मंशानुरूप शनिवार को जेएच कॉलेज में प्राणी शास्त्र विभाग में प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे के प्रयोगशाला उपकरणों का संचालन कार्यविधि एवं उपयोगिता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला में उच्च शिक्षा विभाग की विश्व बैंक परियोजना से प्राप्त प्रयोगशाला उपकरणों के रखरखाव सिद्धांत एवं उनके संचालन की विधि और उपकरणों की उपयोगिता की संपूर्ण जानकारी छात्रों के साथ साझा की गयी। उस अवसर विद्याधियों को पर विभिन्न विषय विशेषज्ञों ने प्रयोगशाला उपकरणों के विषय एवं जानकारी प्रदान की साथ ही प्रायोगिक रूप से छात्रों ने स्वयं संचालन कर प्रयोगशाला उपकरणों का उपयोग सीखा। कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर इसके प्रारूप की जानकारी प्रो.किरण खातरकर द्वारा दी गई। कार्यशाला में विभागाध्यक डॉ.बीडी नागले ने प्राणीशास्त्र अध्ययन में उपकरणों की भूमिका विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित किया। डॉ.एसडी डोंगरे ने सूक्ष्मदर्शी की संपूर्ण जानकारी सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रदान की कार्यशाला की। डॉ.कमलेश अहिरवार ने सेन्ट्रीफ्यूज विषय में विस्तार से अवगत कराया। डॉ.प्रतिभा चौरे ने हिमेटोलॉजी विषय में अपना व्याख्यान दिया साथ ही लाल रक्त कणिकाएं, श्वेत-रक्त कणिकाओं की गणना क्रिया विधि का विद्यर्थियों के



लिए क्रियाविधि के लिए प्रायोगिक परीक्षण प्रदार्शित किया। कार्यशाला में डॉ.मनोहर राव गावंडे, स्पेक्ट्रोफोटोमीटर माईक्रोटोम इन्क्यूबेटर, इलेक्ट्रोफोरेसिस के सिद्धांत क्रिया विधि के साथ उपकरण संचालन का भी प्रदर्शन विद्यार्थियों को सिखाया। कार्यशाला में विभिक कक्षाओ के विद्यार्थियों जिसमें स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी है विद्यार्थी एवं शोधार्थी भी सम्मिलित रहें। कार्यशाला में विभागाध्यक्ष, वनस्पतिशाख विभाग की डॉ. अल्का पाण्डे गरिमामयी उपस्थिति रहीं। आभार प्रो.संजय कुमार विश्वकर्मा ने व्यक्त किया। विभागाध्यक्ष डॉ.बीडी नागले, डॉ.एसडी डोंगरे डा.कमलश अहिरवार डॉ.प्रतिमा चौरे, डॉ. मनोहर गावंडे, प्रो.संजय कुमार विश्वकर्मा, प्रो.किरण खारतकर, दीलिप नागले, प्रयोगशाला तकनीशियन तथा प्रयोगशाला प्रभारी शैलेन्द्र वाइकर का सराहनीय योगदान रहा।

### प्रतिभागी छात्राएं हुईं पुरस्कृत

## मतदाता जागरुकता के लिए गर्ल्स कॉलेज में रंगोली, निबंध स्पर्धा हुई

**बैतूल** । लोकतांत्रिक देश में चुनाव का अपना अलग महत्व होता है जिसमें हर व्यक्ति को अपने मताधिकार का प्रयोग करना जरूरी होता है । इस आशय को लेकर बैतूल नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया के निर्देशन में नगर पालिका के एनयूएलएम शाखा द्वारा बैतूल के गर्ल्स कॉलेज में रंगोली और निबंध प्रतियोगिता का आयोजित कर मतदाता जागरूकता विषय को लेकर छात्राओं द्वारा रंगोली और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया । जिसमे हिस्सा लेने वाली प्रथम तीन प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया है। यह जानकारी एनयूएलएम शाखा के सिटी मिशन मैनेजर हंसराज मसतकर ने दी है।

बैतूल नगर पालिका के एनयूएलएम शाखा के सिटी मिशन मैनेजर हंसराज ने बताया कि 26 अप्रैल को दोपहर स्वीप प्लान के अंतर्गत बैतूल नगर के सदर स्थित गर्ल्स कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजिन किया गया जिसमें कॉलेज की छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रथम आने वाली तीन क्षात्राओ को पुरस्कृत भी किया गया है। मतदाता जागरूकता को लेकर सदर स्थित शासकीय महिला कॉलेज में आयोजित रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता के दौरान सिटी मिशन मैनेजर अखिलेश चौहान ने इस प्रतियोगिता में सम्मिलित सभी क्षात्राओ को शतप्रतिशत मतदान कराने के लिए योगदान देने हेतु शपथ दिलाई। इसके साथ ही मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के लिए हाट बाजार में पहुंचकर मतदाताओं को तिलक और पीले चावल भेंट कर लोकतंत्र के इस महा पर्व में सहभागिता दिखाने और अपने वोट का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया है। इस संबंध में सिटी मिशन मैनेजर श्री मसतकर ने बताया कि यह अभियान बैतूल लोस क्षेत्र के मतदान तिथि 7 मई तक जारी रहेगा।

### कहीं 52% आया 12वीं का परीक्षा परिणाम तो किसी का 40%, करोड़ों खर्च नतीजा बेदम

# निराशा जनक रहा शासकीय शालाओं का परीक्षा परिणाम







हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

प्रदेश सरकार ने शिक्षा के आधुनिकरण और शिक्षा स्तर में सुधार के लिए अनेको महत्वाकांक्षी योजनाएं लागू की है करोड़ों रुपए सीएम राइज विद्यालय और पीएम श्री विद्यालय के इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च किया है अन्य स्कूलों के सुधार के प्रयास हो रहे हैं किंतु क्या यह प्रयास अच्छे परिणाम में परिवर्तित हो सके हैं हमने जब इसकी पड़ताल की तो चौंकाने वाले नतीजे सामने आए हैं। हाल ही में मध्य प्रदेश बोर्ड के आय परीक्षा परिणाम नगर की शासकीय शालाओं के लिए निराशाजनक रहे हैं। विशेष तौर से पीएम श्री शा. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 52% रहा तो वही कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम मात्र 64% आए हैं जो की पिछले सालो की तुलना में बहुत ही काम है। यह कन्या शाला पीएम श्री विद्यालय घोषित होने से पूर्व में हमेशा अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए जाना जाता था । प्रतिवर्ष इस शाला की छात्राएं प्रदेश और जिले की प्रवीण सूचियो में स्थान प्राप्त कर नगर का गौरव बढ़ती रही है किंतु इस बार विद्यालय का उन्नयन होने के बावजूद परीक्षा परिणाम निराशाजनक रहा है। यहा कक्षा 12वीं की कुल 146 छात्रवाने परीक्षा दी जिसमें से 76 छात्र छात्राएं पास हुई है मात्र 52% और कक्षा दसवीं में 145 छात्राओं ने परीक्षा दी थी जिसमें 93 छात्राएं पास हुई है कुल 64% परीक्षा परिणाम आए है।सीएम राइज विद्यालय की बात करें तो हालांकि इस साल पिछले साल की तुलना में 15% अच्छे परिणाम प्राप्त हुए है किंतु इस वर्ष इस शाला के एक भी विद्यार्थी ने जिले एवं प्रदेश की प्रवीण सूची में अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं की सीएम राइस स्कूल में कक्षा 12वीं में 281 में से 230 विद्यार्थी पास हुए और रिजल्ट 82 प्रतिशत रहा वहीं कक्षा दसवीं में 223 में से 181 विद्यार्थी पास हुए हैं। शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (आंग्ल स्कूल) की बात करें तो यहां 486 विद्यार्थी एवं 29 शिक्षक है यहां कक्षा 12वीं में 23 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे जिसमें से 15 विद्यार्थी पास हुए हैं कक्षा 12वीं का रिजल्ट रहा 74% वही कक्षा दसवीं में कुल 55 विद्यार्थियों में से 22 ने कक्षा दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की 12 विद्यार्थियों को पूरक आई है रिजल्ट मात्र 40% रहा। हाल ही में शासकीय शालाओं के परिणाम बताते हैं कि शिक्षा स्तर में सुधार के ऊपर से हो रहे प्रयास नीचे तक नहीं पहुंच रहे हैं इस सुधार के प्रयासो को नीचे से शालाओं की कक्षाओं से प्रारंभ करना होगा ।

#### क्या कहते हैं प्राचार्य

कक्षा 12वीं का जो निराशाजनक रिजल्ट आया है उसके लिए संबंधित शिक्षकों को नोटिस जारी कर ड़ीओ को कार्रवाई के लिए पत्र लिखेंगे।

एमएल विश्वकर्मा, प्रभारी प्राचार्य पीएम शा.कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुलताई

#### इनका कहना है

कक्षा दसवीं का जो रिजल्ट 40% आया है वह हमारे लिए 80% से भी ज्यादा है क्योंकि यह 40% लाने में भी हमें बहुत पापड़ बेलने पड़े क्योंकि शिक्षकों के प्रयास के बावजूद भी छात्र पढ़ना ही नहीं चाहते।

नीलिमा गार्गव, प्रभारी प्राचार्य शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुलताई

## खबर संक्षेप

### मदरसा बोर्ड के परीक्षा आवेदन-पत्र 25 जुलाई तक भरे जा सकेंगे

**सीहोर।** मदरसा बोर्ड की हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी उर्दू माध्यम परीक्षा सत्र 2024 के लिये परीक्षा आवेदन-पत्र अधिकृत अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से ऑनलाइन भरे गये थे अब बोर्ड ने नियत आवेदन तिथि को बढ़ाया है और बिना विलम्ब शुल्क के आवेदन-पत्र 25 जुलाई, 2024 तक भरे जा सकेंगे।

### पेयजल शिकायतों के निराकरण के लिए लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**सीहोर।** पेयजल संबंधी शिकायतों के निराकरण तथा सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग द्वारा कंट्रोल रूम स्थापित किए गए है। खंड सीहोर के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी फिटर ग्रेड -3 मेहबूब खान (मो. नंबर 8305819150), उपखंड सीहोर के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी हैण्डपम्प तकनीशियन गणेश सोनी (मो. नं.- 9425682161), उपखण्ड भैरूंदा के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी सहायक ग्रेड-03 सचिन ठाकुर (मो. नं. 8959607853), उपखंड आष्टा के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी सहायक ग्रेड -03 एस. से तिवारी (मो. नं. 9893544755 ), बुधनी के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी स्टोर क्लर्क राजकुमारी सोलंकी (मो. नं. 9489803741) को नियुक्त किया गया है।

### आक्सफोर्ड स्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी के साथ विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित

# नन्हे-मुन्ने बच्चों ने स्टोरी एक्ट, एकल व सामूहिक नृत्य की दी शानदार प्रस्तुति

प्राचार्या डॉ. बीना जे कुरियन द्वारा ग्रेजुएशन सेरेमनी को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षकगणों की सराहना की व कला और शिल्प में जिन शिक्षकों ने योगदान दिया उन सभी को बधाई दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



स्थानीय दी ऑक्सफोर्ड हायर सेकंडरी स्कूल, सीहोर में ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया तथा नर्सरी से नवीं एवं ग्यारहवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ शिक्षाविद आर. गोपाल अय्यर, संस्था अध्यक्ष एड. जोली कुरियन व प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि को प्राचार्य द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात किंडर गार्टन के छात्रों द्वारा प्रार्थना गीत के माध्यम से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यूरो किड्स इंचार्ज सोना मैडम के द्वारा ग्रेजुएशन सेरेमनी के बारे में विस्तार से बताया।

एड. जोली कुरियन ने वेलकम स्पीच में मुख्य अतिथि आर. गोपाल अय्यर का परिचय देते हुए बताया कि गोपाल सर बहुत ही अच्छे अध्यापक हैं वे विद्यालय प्रारंभ के दिनों (1995) से जुड़े हुए हैं और शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं देते रहे है साथ ही धम्मपाल अय्यर भी (1995) से स्कूल में मैथ्स की टीचर हुआ करती थी। उनके द्वारा सीहोर के अनेक छात्र छात्राओं को विकास कार्य विद्यालय के साथ जुड़कर कराया गया हमारे लिए आनंद की बात है कि वह पुनः चेन्नई से वापस आकर विद्यार्थियों में अंग्रेजी की क्षमता बढ़ाने के लिए तैयार हैतथा अध्यापिका मोनिका साइमन डोरेमोन बनकर बच्चों का मनोरंजन किया और डोरा का डांस करके सब का मन मोह लिया। सभी पालकगण व शिक्षकगण बहुत प्रसन्न हुए। प्राचार्या डॉ. बीना जे कुरियन द्वारा ग्रेजुएशन सेरेमनी को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षकगणों की सराहना की व कला और शिल्प में जिन शिक्षकों ने योगदान दिया उन सभी को बधाई दी। विशेष रूप से कक्षा अध्यापिका नितीशा शर्मा को ग्रेजुएशन सेरेमनी में बधाई दी। तत्पश्चात नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा स्टोरी एक्ट, स्कूल चले हम पर एकल नृत्य व सामुहिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। साथ ही बच्चो ने अध्यापकगण व स्कूल के लिए अपने विचार व्यक्त किये तथा बिना स्टेज फोबिया के सभी बच्चो ने शानदार प्रस्तुति का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अगली श्रृंखला में मुख्य अतिथि ने सभी प्रस्तुतियों की सराहना की। साथ ही उन्होंने दि ऑक्सफोर्ड हायर सेकंडरी स्कूल के अध्यक्ष व प्राचार्या के अथक प्रयास की काफी प्रशंसा करते हुए सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। तत्पश्चात प्रत्येक छात्र व छात्राओं की प्रतिभा बताते हुए उपहार स्वरूप टेडी बेयर व पुष्पगुच्छ भेंट किए गए तथा उनको सर्टिफिकेट देकर उनका मनोबल बढ़ाया गया। साथ ही कक्षा के मेधावी छात्रो को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरुस्कार कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के अंत में बूसी रॉबी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका आफरीन बानो व अंकिता यादव के द्वारा किया गया। प्रार्थना एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समस्त विद्यालय परिवार शामिल रहा।




## जिले में आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में लोकसभा निर्वाचन-2024 के मद्देनजर आबकारी विभाग द्वारा कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देशानुसार एवं सहायक आबकारी आयुक्त मंदाकिनी दीक्षित के मार्गदर्शन कार्यवाही की जा रही है। वृत्त सोनकच्छ में अलसुबह आबकारी और पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्यवाही कर चलित भट्टियों को नष्ट किया। कार्यवाही में कुल 185 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 5500 किलो ग्राम महुआ लाहन बरामद हुआ। लाहन को मौके पर विधिवत नष्ट किया गया। कार्यवाही में कुल 06 प्रकरण दर्ज किए गए। जप्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 05 लाख 87 हजार रूपए है। कार्यवाही में पुलिस उपनिरीक्षक आरके शर्मा, ज्योति पाटीदार, आबकारी उपनिरीक्षक निधि शर्मा, राज कुमारी मंडलोई, प्रेम यादव, डी.पी. सिंह, उमेश स्वर्णकार, दिनेश भार्गव, आबकारी मुख्य आरक्षक राजा राम रैकवार, दीपक धुरिया, आबकारी आरक्षक बाल कृष्ण जैसवाल विकास गौतम, दीपक तटवाड़े राजेश जोशी, नितिन सोनी, अरविंद जिनवाल भगत सिंह परते, निकिता परमार, सनत शामिल थे। कन्नौद एवं खातेगांव में कार्यवाही कर 06 प्रकरण दर्ज कियेआबकारी विभाग दल द्वारा वृत्त कन्नौद एवं खातेगांव में अवैध मदिरा विक्रय की सूचना पर कार्यवाही की गई। कार्यवाही में मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत धारा 34(1) के तहत 06 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। कार्यवाही में कुल 77 लीटर हाथभट्टी मदिरा, 700 किलाग्राम महुआ लाहन, 25 पाव देशी मदिरा, 05 बीयर बोतल, 06 बीयर कैन बरामद किये। जप्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 88 हजार 560 रूपए है। कार्यवाही में वृत्त प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक कैलाश जामोद, विजय कुचेरिया, एवं आरक्षक शंकरलाल परते, निहाल खत्री शामिल थे।

## बोरवेल खुला छोड़ने वाले की अब खैर नहीं, होगी सख्त कार्रवाई



**सीहोर।** ग्राम पंचायत खेरी में अगर बोरवेल के गड्डे खुले पाए जाते हैं तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। शासन के नियम अनुसार इन्हें पूरी तरह से बंद करने के लिए आदेश जारी किए गए हैं। इसके तहत गड्ढों को ढक्कन या किसी मजबूत चीज से ढ़ककर रखने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर प्रवीण सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार बोरवेल का गड्ढे खुले पाए जाने कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार, खुले बोरवेल का निरीक्षण पटवारी, पंचायत सचिव और चौकीदार कर सकते हैं। बता दें कि खुले बोरवेल और पन्नी से ढककर इसे रखना खतरनाक है, इससे दुर्घटना होने का डर रहता है। इसको ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने यह कदम उठाया है, इसलिए जिन भी लोगों ने खुले बोरवेल रखे हुए हैं, वह उन्हें ढक लें।

## हर वोट जरूरी है: स्लोगन स्पर्धा की बढ़ी तारीख, अब 30 अप्रैल तक ले सकेंगे हिस्सा, पहला इनाम 51 हजार

**मतदान का प्रतिशत बढ़ाने की कवायद 10 प्रतिभागियों को मिलेगा प्रथम पुरस्कार, दूसरे को 21 हजार और तीसरे को 11 हजार रुपए**

**सीहोर।** लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिए मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रत्येक वोट जरूरी है विषय पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रविष्टि भेजने की अंतिम तारीख पांच दिन बढ़ाकर अब 30 अप्रैल कर दी गई है। पहले यह 25 अप्रैल थी।

लोकसभा चुनाव में लोग अधिक से अधिक मतदान कर सकें, इसके लिए उन्हें प्रेरित किया जा रहा है। इसके लिए कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। लोगों के बीच प्रचार प्रसार

किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही 10 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए एक राज्य स्तरीय चयन समिति का गठन भी किया गया है। चयन समिति के मूल्यांकन के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे।



उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टि पोर्टल पर भेजना होगी। साथ ही प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी। स्कूलों और कॉलेजों में भी कई तरह की प्रतियोगिताएं कराई जा रही हैं। प्रशासन कई तरह के जागरुकता कार्यक्रम कर रहा है।

इसी कड़ी में मानव श्रृंखला बनाई गई थी। इसमें 4 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं और शासकीय कर्मचारियों ने हिस्सा लिया था। इसी तरह अन्य तरह की प्रतियोगिताएं हो रही हैं। इनमें मतदान को लेकर अच्छे स्लोगन भी लिखवाए गए।

**ये हैं नियम और शर्तें**

प्रतिभागी मध्यप्रदेश का मूल निवासी हो। एक प्रतिभागी की एक प्रविष्टि अधिकतम 25 से 30 शब्दों की हो। प्रविष्टि मौलिक, अर्थपूर्ण एवं हिंदी भाषा में हो। प्रविष्टि में किसी भी उत्तेजक या आपत्तिजनक शब्द का प्रयोग नहीं होना चाहिए। प्रतिभागी प्रविष्टि के साथ अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी भी जरूर लिखें। पुरस्कार के लिए श्रेष्ठ प्रविष्टि का चयन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा गठित राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जाएगा। चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा। प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टि भेजने के लिए अब 30 अप्रैल 2024 कर दी गई है।

**विजयी प्रतिभागियों को यह मिलेगी पुरस्कार राशि :** प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 51 हजार एवं प्रमाण पत्र, द्वितीय पुरस्कार में 21 हजार और तीसरे पुरस्कार में 11 हजार रुपए की राशि दी जाएगी। इसी तरह 10 प्रतिभागियों को 5100-5100 रुपए का विशेष पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

### अब सातों दिन होगा गेहूं का उपार्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए जारी उपार्जन नीति के तहत कृषकों से गेहूं उपार्जन का कार्य सप्ताह में 5 दिवस तक किया जा रहा था, लेकिन अब कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सातों दिन गेहूं का उपार्जन करने के निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर सिंह ने उपायुक्त सहकारिता, महाप्रबंधक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, जिला प्रबंधक, मप्र स्टेट सिविल सप्ला. कार्पो., जिला प्रबंधक, मप्र वेहा एण्ड लॉजि कार्यों सीहोर को निर्देश जारी करते हुए कृषकों की सुविधा के लिए गेहूं उपार्जन का कार्य अब सोमवार से रविवार तक करने के निर्देश दिए हैं। यही नहीं किसानों से समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं पर भारत सरकार द्वारा गेहूं के घोषित समर्थन मूल्य 2275 रुपए और बोनस 125 रुपए प्रति क्विंटल सहित कुल राशि 2400 रुपए प्रति क्विंटल के मान से भुगतान किया जा रहा है।

## किसानों की चिंता बढ़ी बोले, इल्लियां लगने से कम होगी पैदावार



**सीहोर।** भैरूंदा तहसील ग्राम पंचायत गोरखपुर में मूंग की फसल में इल्लियों कीटों का प्रकोप देखने को मिल रहा है। मौसम का मिजाज़ ठीक नहीं रहने से इल्लियां, कीट लग रहे है जो पत्तों को खा रहें है जिसका असर मूंग में लगे फूलों पर होगा जिससे मूंग की पैदावार में अंतर आ सकता है। किसान रहीश खां का कहना है कि बार-बार मौसम बदल रहा है। इस कारण से मूंग की फसल में इल्लियों और कीटों का प्रकोप है। यह जो मूंग के लिए हानिकारक है। फसल में इल्लियां और कीट लगने से फसल पर असर पड़ता है और उसकी ग्रोथ भी कम होती है।

## घर घर जाकर बीएलओ बांट रहे हैं मतदाता पर्ची, मतदान करने की कर रहे अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

आगामी लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए जिले भर में शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में बीएलओ ( बूथ लेबल अधिकारी ) द्वारा घर - घर जाकर मतदाताओं को मतदाता पर्ची और मार्ग दर्शिका का वितरण कर मतदान करने के लिए उन्हें आमंत्रित किया जा रहा है।और साथ ही मतदान दिवस को होने वाले मतदान के लिए सभी मतदाताओं को शपथ पत्र भरवाकर जागरूक किया भी किया जा रहा है।मतदाताओं से मतदान की अपील करते हुए कहा जा रहा है कि आप मतदान अवश्य करें मतदान आपका अधिकार है।



इछावर विधानसभा क्षेत्र में बीएलओ द्वारा गांव-गांव में मतदाताओं को मतदाता पर्ची का वितरण कर मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बताया जाता है कि अभी तक इछावर विधानसभा के 18 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं को मतदाता पर्ची का वितरण किया जा चुका है। शेष मतदाताओं को भी एक दो दिन में मतदाता पर्ची का वितरण कर दिया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार विदिशा लोकसभा चुनाव के लिए मतदान 7 मई को होगा। इसकी तैयारी की जा रही है। मतदान केंद्रों में सभी व्यवस्था के साथ पूरी तैयारी की जा चुकी है। चुनाव कार्य में लगे अधिकारियों द्वारा मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर जिला निर्वाचन कार्यालय को रिपोर्ट भी भेज दी गई है। अब घर घर जाकर मतदाता पर्चीयों का बीएलओ द्वारा वितरण किया जा रहा है। इसके तहत इछावर विधानसभा के सभी 276 मतदान केंद्रों के लिए नियुक्त बीएलओ घर घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण कर रहे हैं।



**मतदान के लिए कर रहे जागरूक**

बीएलओ द्वारा गांव गांव में घर घर जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। नादान मतदान केंद्र के बीएलओ स्वरूप सिंह गोफनिया ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता पर्ची , मार्गदर्शिका , पैम्फलेट आदि का वितरण मतदाताओं को किया जा रहा ह । जिसमे मतदान का महत्व बताया गया है। इस दौरान मतदाताओं को स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान के लिए भी जागरूक कर रहे हैं।

### पालकों की लापरवाही से रात में मवेशी सड़क पर मंडराते रहते हैं

# सड़क पर मवेशियों से बढ़ने लगे हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इन दिनों सड़कों पर इस कदर आवारा मवेशी दिखाई दे रहे हैं कि वाहन चलाना भी कठिन हो रहा है। खासकर चार पहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। उन्हें निकलने के लिए तो सड़क पर जगह ही नहीं बचती है। हालत यह है कि इन मवेशियों के कारण हमेशा हादसों का डर बना रहता है।

आवारा मवेशियों के कारण लोग परेशान हैं। खासकर वाहन चालक जो रात में इनसे टकरा जाते हैं। सड़कों पर इस तरह खड़े हो जाते हैं कि लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है। हालत यह है कि शहरी क्षेत्र में आवारा मवेशियों का जमावड़ा अभी भी कम नहीं हो रहा है। वहीं रात के समय में मवेशियों के सड़कों पर बैठे रहने से हादसे हो रहे हैं। इसके



बाद भी सड़कों पर घूम रहे इन आवारा मवेशियों को गोशालाओं में छुड़वाया नहीं जा रहा है। पिछले दिनों नपा ने इन्हें गोशाला भेजने के लिए प्लान बनाकर कवायद भी शुरू की थी, लेकिन गायों को पकड़ने के लिए मजदूर नहीं मिलने से यह पूरा नहीं हो सका। रात के समय हो रहे अधिक हादसे रात के समय सड़क हादसे जो होते हैं वे इन मवेशियों के कारण ही होते हैं। मवेशियों के नहीं दिखने के कारण वाहन चालक उनसे टकरा जाते हैं। इससे वे घायल हो जाते हैं। इसके पहले भी शहर की सड़कों पर कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।

सड़कों पर घूमते व बैठे मवेशियों के कारण कई लोगों की जान भी जा चुकी है। बीच सड़क पर बैठे आवारा मवेशियों के कारण हमेशा ही हादसों का भय बना रहता है। कई बार पकड़कर दूर छोड़ चुकी है नपा नगर पालिका पूर्व में कई बार इन मवेशियों को पकड़कर वाहन द्वारा दूर जंगल में छोड़कर आई है। लेकिन ये मवेशी फिर से आ जाती हैं। आदेश के बाद भी सीहोर नगर में कई चौराहों पर आवारा मवेशी विचरण करते हुए दिखाई देते हैं। इसका खामियाजा लोगों को अभी भी भुगतना पड़ रहा है। सड़कों पर आवारा सांडों के लड़ने के कारण पूर्व में लीसा टॉकीज क्षेत्र की दुकानों में काफी नुकसान हुआ था।

## ग्रामीण आजीविका मिशन की दीदीयों ने लोगों को वोटिंग के लिए शपथ भी दिलाई




**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी संबंधित विभागों, शिक्षा विभाग एवं अन्य सभी संस्थाओं को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिये गये। इसी श्रृंखला ग्रामीण आजीविका मिशन की दीदीओं द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार कि गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाता जागरूता कार्यक्रम के तहत ग्रामीण आजीविका मिशन की दीदीओं द्वारा जनपद आष्टा के ग्राम मरूखेडी एवं जनपद इछावर के ग्राम दिवडिया की दीदीयो द्वारा मतदाता जागरूकता के तहत रंगोली एवं मतदान कराने के लिए शपथ दिलाई गई एवं जागरूकता रैली निकाली गई। समूह की दीदीयो द्वारा रंगोली एवं जागरूकता रैली निकाली के साथ अन्य कार्यक्रम के तहत आमजनों को लोकसभा चुनाव में स्वयं मतदान करें ओर अपने परिवार आसपास पड़ोसियों को मतदान करने के लिए जागरूक करने एवं अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकसभा निर्वाचन में सर्वाधिक मतदान करा सकें।

### हादसे में 20 से अधिक यात्री हुए घायल, 19 जिला अस्पताल में भर्ती

# इंदौर से महाराष्ट्र के अकोला जा रही बस 60 फिट से गहरी खाई में पलटी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

शाहपुर थाना क्षेत्र में हुए एक बस हादसे में 20 से अधिक यात्री घायल हो गए। बस इंदौर से बुरहानपुर होते हुए अकोला महाराष्ट्र जा रही थी। हादसा सुबह करीब 5.30 बजे जब यात्री गहरी नींद में सोये हुए थे तब का बताया जा रहा है। सभी घायलों को 9 एम्बुलेंस की मदद से बुरहानपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। अधिकांश यात्रियों को हाथ, पैर, सिर और अंदरूनी चोटें आई है। बस में करीब 40 से 45 यात्री सवार थे। सुबह 8.30 बजे तक करीब 19 घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया।

#### मप्र महाराष्ट्र की सीमा पर हुआ हादसा

बस हादसा शनिवार सुबह करीब 5.30 बजे ग्राम जसोन्दी के पास हुआ है। यह बुरहानपुर जिला मुख्यालय से करीब 45 किमी दूर मप्र महाराष्ट्र की सीमा पर है। कुछ ही दूरी पर महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले की सीमा लग जाती है। बताया जा रहा है कि जसौन्दी के कलोरी घाट पर चढ़ाई के समय बस आगे न जाते हुए रिवर्स होकर करीब 60 फिट से भी ज्यादा गहरी खाई में जा गिरी। बस इंदौर से अकोला जा रही थी। यह बस रॉयल ट्रेवल्स इंदौर की है। बस में 40 से 45 सवारी थी।

संजय नामक यात्री ने कहा मैं बस से नीचे उतरा था। बस गर्म हो रही थी। इसी बीच वह रिवर्स हो गई। घाट था इसलिए बस रिवर्स होकर खाई में जा गिरी। लखन सांवले ने बताया बस में लगेज था। लगेज हटाकर बैटरी लगा रहे थे। बस रिवर्स होकर खाई में जा गिरी। एक दूसरे की मदद की। सभी को बाहर निकाला गया। इसी बीच 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची।

#### अफसर भी मौके पर पहुंचे

सूचना मिलने पर एडीएम सीएल सिंगाड़े, एएसपी अंतर सिंह कनेश, शाहपुर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। ग्राम जसोन्दी के सरपंच शब्बीर तड़वी ने घायल लोगों को पंचायत में रुकने की व्यवस्था की। टीम के पहुंचने पर घायलों को अस्पताल रवाना किया। 108 के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अंकित नागर ने बताया शाहपुर से 3 दरियापुर 2 बुरहानपुर से 4 एम्बुलेंस को घटनास्थल पहुंचाया। कुछ घायलों को आसपास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और बाकी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सीएमएचओ डॉ राजेश सिसौदिया ने बताया कोई जनहानि नहीं हुई। 19 घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। कोई भी गम्भीर नहीं है।

## गांजा तस्कर को पुलिस ने पकड़ा, आरोपी के कब्जे से 1 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस लगातार किसी न किसी मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। अब एक गांजा तस्कर पकड़ाया है। जिसके कब्जे से पुलिस ने 1 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद किया है।

एसपी देवेंद्र पाटीदार ने सभी थाना प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए निर्देश दिए हैं। इसके तहत शनिवार को कोतवाली थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा के तस्कर को पकड़ने में सफलता हासिल की। पुलिस के अनुसार कोतवाली थाने में पदस्थ उनि कमल मोरे को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति जैनाबाद पुल की तरफ से राजघाट होते हुए शहर में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर आ रहा है। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी कोतवाली सीताराम सोलंकी ने तत्काल एक्शन लेते हुए उनि कमल मोरे के नेतृत्व में सउनि ओंकार पटेल, प्रआर राकेश शर्मा, राजकुमार पटेल, प्रआर सुनिल सकवार, आरक्षक वीरसिंह, दारासिंह, सुमित चौरसिया की टीम बनाई। पुलिस टीम ने अवैध मादक पदार्थ लाने वाले की तस्दीक व दबिश के लिए राजघाट गेट के पास घेराबंदी की।

जहां पुलिस टीम द्वारा संदेही को घेराबंदी पकड़ा गया। आरोपी शफीउद्दीन पिता शमसुद्दीन 49 साल निवासी कोलीघाट खैराती बाजार की तलाशी लेने पर उसके पास से 01 किलो 300 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। गांजा जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 8-20 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। जब्त गांजा की कीमत करीब 19500 रूपए है।

### कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों की समीक्षा की

## निर्देश: बिना स्वीकृति के लंबे समय से अनुपस्थित शिक्षक पद से अलग होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर आदित्य सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक में निर्देश दिए कि ऐसे शिक्षक चिन्हित किए जाएं जो कि बिना किसी सूचना और बिना किसी अनुमति व स्वीकृति के काफी लंबे समय से अनुपस्थित चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे शिक्षकों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी कर, अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करते हुए पद से पृथक करने की कार्यवाही की जाए। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ रोहित सिसोनिया, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती पीएम सिंह और जिला परियोजना समन्वयक श्री जाटव सहित शिक्षा विभाग के सहायक संचालक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक और सभी संकुल प्राचार्य उपस्थित थे।



कलेक्टर सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक, विकासखंड शिक्षा अधिकारियों संकुल प्राचार्य और विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र के स्कूलों का लगातार निरीक्षण करें और स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था पर नजर रखें। उन्होंने कहा कि खराब परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान बिना सूचना के अनुपस्थित पाए जाने वाले शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। उन्होंने अच्छे परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों के प्राचार्यों की सराहना की, तथा खराब परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों के प्राचार्यों और संकुल प्राचार्यों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि बोर्ड परीक्षा परिणाम में अच्छे नंबर लाने वाले जिले के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए शीघ्र ही कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि बिना कलेक्टर की स्वीकृति के कोई भी अटैचमेंट शिक्षा विभाग में ना रहे यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर सिंह ने उत्कृष्ट विद्यालय खिरकिया का बोर्ड परीक्षा में अच्छा परिणाम ना आने पर वहां किसी दूसरे प्राचार्य को पदस्थ करते हुए वहां के वर्तमान प्राचार्य को हटाकर जिला निर्वाचन कार्यालय में संलग्न करने के निर्देश भी दिए।

### जनपद पंचायत के पास आंकड़े नहीं होने से मचा हड़कंप

## विडंबना: श्रमिकों के पलायन से मतदान कम होने की आशंका, कलेक्टर ने तत्काल मांगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

श्रमिकों के भारी संख्या में पलायन और इससे मतदान प्रतिशत कम होने की आशंका में प्रशासन चिन्तित है। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने 24 अप्रैल को शाम तक उक्त सूची मांगी तो पंचायती राज संस्थाओं में हड़कंप मच गया। यहाँ जनपद सभागृह में ताबड़तोड़ बुलाई गई बैठक में एसडीओ (राजस्व) नहीं आ सके थे, जिससे बैठक निरस्त हो गई। लेकिन सीईओ के निर्देश पर 76 ग्राम पंचायतें जब आग लगे,तब कुआ खोदो की तर्ज पर तीन दिनों तक जानकारी संकलित करने में जुटी रही। उनके द्वारा दिए गए पलायन के 3379 के आंकड़ों को लेकर कई सवाल किये जा रहें हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शर्मा के आदेश पर तत्काल जनपद सभागृह में पंचायत कर्मियों की बैठक बुलाई गई थी, परन्तु एसडीओ (राजस्व) कनेश नहीं आये तो मामला ठंडा हो गया। लेकिन इसके पूर्व जनपद परिसर में हुई हलचल भी काबिले गौर थी, जिसका यह प्रतिनिधि साक्षी था। सीईओ महेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने उपाध्यक्ष कक्ष में पंचायत सचिवों को बुलाकर इसी कक्ष और सभागृह में बैठकर जानकारी तैयार करने के लिए कहा।

फलस्वरूप पंचायत कर्मियों को जहां भी स्थान मिला,वहां उनके निर्देशों का पालन करते हुए दिखाई दे रहे थे। अन्ततः एसडीओ कनेश अपरान्ह 3 बजे नहीं आये और बैठक निरस्त होने पर सभी ने राहत की सांस ली। आखिर शुक्रवार को 76 पंचायतों ने 3397 मजदूरों के पलायन की जानकारी जनपद पंचायत में दी है। उल्लेखनीय है कि रोजगार की तलाश में प्रति वर्ष भारी संख्या में मजदूर पलायन कटे हैं और कई मोहल्ले के घरों पर ताले लगे रहते हैं। इन हालातों में पलायन करने वाले मजदूरों की संख्या सरकारी आंकड़ों से अधिक होने का अनुमान है।

#### राष्ट्रीय पुरस्कार मिला, लेकिन हालात बिगड़े



मनरेगा में श्रमिकों को भुगतान के मामले में वर्ष में जनपद पंचायत राष्ट्रीय पुरस्कार अर्जित कर चुकी है। लेकिन विभिन्न प्रान्तों और शहरों में पलायन करने वाले श्रमिकों की सूची जनपद में नहीं है। इसलिए सरकारी आंकड़ों के अनुसार यहाँ उन्हें पर्याप्त रोजगार मिल रहा है, संभवतः इसी कारण जनपद और पंचायतों के पास पलायन के आंकड़े नहीं थे। विडंबना है कि आम तौर पर पंचायतों से सम्बद्ध प्रतिनिधियों और कर्मियों के परिजनों एवं निकटस्थों के नाम मस्टर पर निरंतर चलते हैं। परन्तु जिन्हें जरुरत होती है,उन्हें काम नहीं मिलता और वे पलायन कर जाते हैं। यह स्थिति अत्यधिक गंभीर और चिंताजनक है। बहरहाल, जिला प्रशासन ने श्रमिकों की घर वापसी के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं।

#### इनका कहना है...

ग्राम पंचायतों ने मतदाता सूची के आधार पर पलायन की जानकारी तैयार की है। इस विकास खंड से 3379 मजदूरों ने रोजगार के लिए पलायन किया है। जिला प्रशासन से निर्देश मिलने पर श्रमिकों की वापसी को लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**महेंद्रकुमार श्रीवास्तव,**
**सीईओ, जनपद पंचायत, झिरन्या**

## कर्मचारियों ने नगर में जागरुकता रैली निकाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

नगर के प्रमुख मार्ग से वोटिंग के प्रतिशत बढ़ाने को लिए नर्सिंग स्टूडेंट्स एवं चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारियों ने शनिवार को जागरूकता रैली निकाली। लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए रैली का आयोजन किया गया। रैली में नर्सिंग स्टूडेंट, नर्सिंग ऑफिसर, चिकित्सा अधिकारी कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। रैली की शुरुआत जिला चिकित्सालय से की गई जो नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए घंटाघर पहुचीं। जहां सिविल सर्जन डॉ. मनीष शर्मा ने वोट के महत्व को बताते हुए सभी नागरिकों से 7 मई को लोकसभा निर्वाचन 2024 में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। रैली में डॉ.ब्रजेश रघुवंशी, डॉ राजेश सतीजा, डॉ. मोनू चौरे, डॉ आयुषी गुप्ता, डॉ जीनू मेरी,डॉ पूर्वी पटेल, मैटर्न एलिन पीटर, हॉस्पिटल मैनेजर जितेंद्र वर्मा, संजय ढाका, आशीष साकल्ले सहित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सदस्य व नर्सिंग स्टूडेंट्स शामिल हुए। रैली नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुए जिला चिकित्सालय के मीटिंग कक्ष में पहुंची। जहां स्वयं मतदान करने और अन्य लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ ली गई।

### खबर संक्षेप

#### पीले चावल देकर मतदान के लिए दिया न्यौता

**हरदा।** लोकसभा निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जनजाति कल्याण विभाग द्वारा वनग्राम कायदा के हाट बाजार में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत निर्वाचन महापर्व में सम्मिलित होने के लिए पीले चावल देकर मतदान करने के लिए न्यौता दिया गया। इसके अलावा नगर परिषद सिराली, सामुदायिक भवन रामपुरा, ग्राम मरदानपुर व नहाली खुर्द में उपस्थित मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई गई।

#### मतदान केन्द्रों पर आयोजित होंगे विशेष कैंप

**हरदा।** लोकसभा निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित करने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार चलो अपने बूथ को जाने, अपने मत की ताकत पहचाने थीम पर 30 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान केन्द्र स्तर पर विशेष कैम्प का आयोजन किया जायेगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी रोहित सिसोनिया ने विशेष कैम्प के लिये सहायक रिटर्निंग आफिसर विधानसभा हरदा एवं टिमरनी तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खिरकिया को नोडल अधिकारी तथा सभी तहसीलदारों को संबंधित क्षेत्र का सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। सीईओ सिसोनिया ने निर्देशित किया है कि विशेष कैम्प के दौरान प्रत्येक मतदान केन्द्र पर मतदाता सूची चस्पा की जाये। मतदाताओं को मतदाता सूची में उनके नाम एवं अन्य विवरण से अवगत कराया जाये। मतदाताओं को मतदान दिवस, मतदान का समय, मतदान का स्थान आदि के विवरण से अवगत कराया जाये तथा मतदान करने हेतु आमंत्रित किया जाये। निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार मतदान केन्द्र पर आवश्यक मूलभूत सुविधा जैसे शौचालय, पेयजल, क्रैच, साइनेज, वालंटियर्स, रैम्प, व्हीलचेयर, मतदाता सहायता केन्द्र, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

#### शहर की साफ सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें: कलेक्टर

**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में स्वास्थ्य विभाग एवं नगर पालिका के अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए कि शहर में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा स्वास्थ्य विभाग और नगर पालिका मिलकर मलेरिया रोग के फैलाव को रोकने के उपाय करें। उन्होंने शहर के सभी वार्डों में फागिंग मशीन भेजने और नालियों की साफ सफाई कराकर उनमें पनपने वाले मच्छरों को मारने के लिए मलेरिया रोधी दवाई का निरंतर छिड़काव कराने के निर्देश दिए। उन्होंने हरदा शहर के पार्कों में आवश्यकता अनुसार झाड़-पेड़ों की छटाई कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि नगर पालिका के सभी नोडल अधिकारी और स्वच्छता निरीक्षक अपने वार्ड एरिया में सुबह 6 से 8 बजे तक भ्रमण करें एवं साफ सफाई का जायजा लें।

#### चक्कर आने से गिरा युवक इंदौर जाते वक्त मौत

**हरदा।** शहर के वार्ड नंबर तीन में रहने वाला एक युवक शुक्रवार को अपने घर में चक्कर आकर गिर गया था। जिसके बाद उसके परिजनों ने उसे एक निजी चिकित्सक को दिखाने के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात करीब 9 बजे उसकी तबीयत बिगड़ने पर जिला अस्पताल से उसे इंदौर के लिए रेफर किया गया, जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। शनिवार सुबह जिला अस्पताल में मृतक के शव का पीएम कर परिजनों को सौंप दिया है। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। जानकारी के अनुसार खेड़ीपुरा में रहने वाला कमलेश पिता सुरेश चंद मौर्य उम्र लगभग 40 साल शुक्रवार को अपने घर में ही चक्कर खाने के बार सिर के बल गिर गया था। जिसकी देर रात इंदौर ले जाने दौरान बिजवाड़ के पास मौत हो गई। जिसके बाद शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां शनिवार सुबह पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### 6 साल पुराने मारपीट मामले में फैसला

#### नपा के नेता प्रतिपक्ष को कोर्ट उठने तक सजा, एक हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सीजेएम कोर्ट ने शनिवार को नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका हरदा अमर रोचलानी समेत दो को कोर्ट उठने तक की सजा और एक-एक हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। जिला लोक अभियोजक अधिकारी विनोद कुमार अहिरवार ने बताया कि 29 जुलाई 2018 की रात करीब साढ़े 9 बजे फरियादी सुनील छाबड़ा बड़ी सिंधी कॉलोनी के पास जूस सेंटर के पास सड़क पर खड़े हुए थे। यहां से हरीश पिता वासुदेव पेशवानी (39) और अमर पिता लक्ष्मणदास रोचलानी आ गए। उन्होंने गालियां देते हुए मारपीट की। जितेंद्र, हेमंत जोशी और रणवीर पटेल ने बीच-बचाव किया। दोनों ने सुनील छाबड़ा को जान से मारने की धमकी दी और वहां से चले गए। फरियादी सुनील छाबड़ा की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में दोनों के खिलाफ धारा 294,323,506,34 का प्रकरण दर्ज किया गया। मामले में शनिवार को मुख्य न्यायायिक दंडाधिकारी ने आरोपी हरीश पेशवानी एवं अमर रोचलानी को धारा 323,34 में दोषी पाते हुए न्यायालय उठने तक का कारावास एवं एक-एक हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।